हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 अप्रैल 2024

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 श्रीराम कथा में अवध छोड़ श्रीराम का हुआ वन गमन



08 बार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्रों ने मारी बाजी



## 5 हजार का इनामी एसआई कोतवाली में पदस्थ, अवकाश लेकर कर रहा मौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में आरोपी कोतवाली थाने में पदस्थ एक एसआई पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। कोतवाली थाने का एसआई गौरव रघुवंशी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज है।

9 अप्रैल 2024 को भोपाल जोन-2 की अधीक्षक श्रद्धा तिवारी ने आरोपी की सूचना देने पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। वहीं 19 अप्रैल को मनोज रघुवंशी की मां ने पुलिस कमिश्नर से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शिकायती आवेदन दिया है। भोपाल में इंडियन पोटास लिमिटेड (आईपीएल) के एरिया मैनेजर मनोज रघुवंशी ने जहर खाकर आत्महत्या की। 30 नवंबर 2023 को उन्होंने घर में जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड किया और सुसाइट नोट में छह नाम लिखे जिसमें से एक नाम कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई गौरव रघुवंशी का भी है। मृतक मनोज का 29 नवंबर 2023 को पत्नी से आपसी विवाद हुआ उसके ससुर और साले ने मनोज पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कराने का प्रयास किया। उसे अयोध्या नगर थाने तक बुलाया गया। यहां टीआई को गौरव ने कॉल कर झूठा केस दर्ज कराने का प्रयास किया। पूर्व में बहु ज्योति कई बार अपने मायके में चली जाया करती थी। महीनों तक नहीं लौटती थी। दबाव बनवाकर ही उसने बेटे को अलग रहने को मजबूर किया था। वह दबाव बनाकर उसकी संपत्ति को अपने नाम कराना चाहती थी। ऐसा नहीं करने पर मायके लौट जाने की धमकी देती थी। आए दिन की धमकियों से तंग आकर मनोज ने सुसाइड कर लिया। जिसकी लंबी जांच के बाद एफआईआर दर्ज की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पार्टी रवाना की गई। जिसकी सूचना अयोध्या थाने के ही एक एसआई ने कोतवाली थाने में पदस्थ एसआई गौरव रघुवंशी को दे दी। वह फरार है। उनके खिलाफ इनाम तो घोषित किया गया, लेकिन संपत्ति कुर्की की कार्रवाई नहीं की गई है। गौरव को विदिशा पुलिस ने नामजद आरोपी होने और इनामी होने के बाद भी सस्पेंड नहीं किया है।

सुसाइड से पहले मनोज ने एक 6 मिनट का वीडियो मोबाइल फोन में शूट किया था। जिसमें उसने पत्नी ज्योति और उसके 6 रिश्तेदारों की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने की बात कही है।

### मां ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

मृतक मनोज रघुवंशी की मां शकुन ने 19 अप्रैल को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में एक आवेदन दिया, जिसमें बताया कि मेरा बेटा अभिनव होम्स में रहता था। वह आईपीएल कंपनी में एरिया मैनेजर था। उसकी शादी 11 साल पहले ज्योति रघुवंशी से हुई थी। दोनों का 10 साल का बेटा अक्षय है। बेटे मनोज का साला गौरव रघुवंशी एसआई कोतवाली थाना विदिशा में पदस्थ है। वह पूर्व में विदिशा जिले के एक थाने का प्रभारी भी रहा है और बहू ज्योति का मौसेरा भाई है। गौरव के पिता राम सिंह भी एएसआई पद से रिटायर्ड हैं। ये दोनों बेटे और बहू के आपसी विवाद में बेटे पर दबाव बनाते थे। उसे हत्या के प्रयास के केस में फंसाने की धमकी देते थे।

### अवकाश पर है

कोतवाली में पदस्थ एसआई के खिलाफ भोपाल में मामला दर्ज होने की जानकारी है, लेकिन वह लंबे समय से अवकाश पर हैं। उनकी गिरफ्तारी होते ही विभाग द्वारा तय कार्रवाई की जाएगी।
- दीपक कुमार शुक्ला, एसपी विदिशा।

## खबर संक्षेप

### सेवाघर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**विदिशा।** निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत बागरेचा द्वारा शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी फाउंडेशन के सेवाघर में 9 बजे से 12 बजे तक सभी उम्र के मरीजों की शारीरिक जांच कर उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। यह जांच प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी , मरीजों को पुराने पर्चे लाना लाभदायक रहेगा। इसी सेवाघर में स्वर्गीय सत्यम माहेश्वरी की स्मृति में सभी की निःशुल्क शुगर एवं ब्लड ग्रुप चेक करके उन्हें हाथों हाथ रिपोर्ट दी जाएगी। विकास पचौरी फाउंडेशन सेवक मंडल के सदस्य डॉ जी. के. माहेश्वरी, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ राजेश बंसल, डॉ सचिन गर्ग, डॉ ऐश्वर्य मोदी, डॉ अमित नेमा, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, डॉ चंद्रकांत चौरसिया ने अपील की है कि यदि आपके आसपास कोई ऐसा गरीब व्यक्ति हो जिसे इलाज सलाह की आवश्यकता हो तो कृपया इस सूचना को उसे बताकर मानवता का रिश्ता निभाएं।

### मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

**विदिशा।** जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया कराने मतदानकर्मियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय का आयोजन किया जा रहा है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने एसएटीआई के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओ का समाधान प्राप्ति के उपरांत ही प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ें। उन्होंने मास्टर टेनर्सो से कहा कि वे सहज, सरल सदोउदारणो से प्रशिक्षण को रोचक और आकर्षण स्वरूप में प्रस्तुत करें ताकि मतदानकर्मियों की स्मृति में बना रहे।

### गैस उपभोक्ताओं का एजेंसी पर ई-केवाएसी

**विदिशा।** भारत सरकार पेट्रोलियम मंत्रालय के नियमानुसार प्रत्येक नीरा गैस एजेंसी उपभोक्ताओं को ई-केवाएसी के लिए अवगत कराया गया है। जो कि नियमानुसार कराना आवश्यक है। हर एक उपभोक्ता अपनी गैस किताब, रजिस्टार मोबाइल नम्बर एवं स्वयं का आधार कार्ड ले जाकर एजेंसी पर अपनी ई-केवाएसी करवा सकते हैं।

### पठारी पुलिस ने 63 लीटर शराब जब्त की

विदिशा। पठारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विजय अहिरवार निवासी वगोदा कालोनी ने अपनी दुकान पर भारी मात्रा मे शराब की पेटी उतरवाई है जो अपनी दुकान के अंदर रखे है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। योजना बनाकर मुखबिर के बताए स्थान विजय अहिरवार कि किराना दुकान बगोदा कालोनी पहुंचकर दुकान की चारों तरफ घेराबंदी की गई। दुकान के अंदर देशी मदिरा प्लेन की 7 पेटी रखी मिलीं।

### व्यय प्रेक्षक ने लेखा प्रकोष्ठ का जायजा लिया

**विदिशा।** संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन के द्वारा आज विदिशा के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में बनाए गए व्यय लेखा प्रकोष्ठ कार्यालय का निरीक्षण किया गया उन्होंने टीम द्वारा संधारित्र अभिलेखों का अवलोकन किया। व्यय प्रेक्षक श्री जैन व्यय लेखा प्रकोष्ठ द्वारा संधारित अभिलेखों से संतुष्ट हुये एवं संपादित किया जा रहे कार्यों को संबंध में आवश्यक मार्गदशन दिया है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, जिला जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहरवाल, व्यय लेखा प्रकोष्ठ विदिशा के राजेश सिलावट, सहायक व्यय प्रेक्षक आकाश मेहरा, संजय खंण्डेलवाल एवं वीरेन्द्र तिवारी द्वारा व्यय लेखा का परीक्षण कराया गया।

## जिले के 80 स्कूलों में 15 जून से प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित होंगी, मापदंडों के अनुसार नहीं हुआ चयन

# सरकारी स्कूलों में 3 साल के मासूम को मां की तरह कैसे संभालेंगे पुरुष शिक्षक

- महिलाओं को दी जानी थी प्राथमिकता, पुरुषों का कर लिया चयन।
- स्कूल स्तर, संकुल स्तर और ब्लॉक स्तर चयन प्रक्रिया करने के कारण पुरुष शिक्षक चयनित हुए।

15 जून से जिले के 80 स्कूलों में संचालित होने जा रहीं प्री प्राइमरी कक्षाएं अभी से ठप होती दिखाई दे रही हैं। क्योंकि कई स्कूलों में पुरुषों को 3 साल के बच्चों को संभालने, पढ़ना सिखाने और एक्टिविटी कराने के लिए चयनित किया गया है। अक्सर बच्चों से दूर भागने वाले पुरुष कैसे छोटे-छोटे बच्चों को संभालेंगे यह राज्य शिक्षा केंद्र ही जाने।

सचिन सक्सेना ⏭ विदिशा

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर सरकारी स्कूलों में बच्चों को 3 साल की उम्र में नर्सरी में प्रवेश देने की तैयारी की जा रही है। बच्चों को नर्सरी के साथ केजी वन और केजी टू भी पढ़ाया जाएगा। इसके लिए स्कूल चयन प्रक्रिया और शिक्षक चयन प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। जिले के 80 स्कूलों को प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित करने चयनित किया गया है। जिनमें 15 जून से कक्षाएं संचालित करने की तैयारी है। शिक्षक चयन प्रक्रिया में महिलाओं को प्राथमिकता दी जानी थी। लेकिन पुरुष शिक्षक भी चयनित हो गए। स्कूलों का चयन भी राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा दिए निर्देशों के अनुरूप नहीं किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश दिए हैं कि प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालन के लिए स्कूल में दो अतिरिक्त कक्ष होने चाहिए। स्कूल के बाहर प्ले ग्राउंड होना चाहिए और शौचालय की व्यवस्था भी हो। स्कूलों में शौचालय तो हैं लेकिन उनकी स्थिति खराब रहती है। ज्यादातर स्कूलों में प्लेग्राउंड नहीं हैं। कई पुरुष शिक्षक छोटे बच्चों को पढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते इसके बाद भी उन्हे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षकों के चयन में क्वालिफिकेशन नहीं देखी गई।

### निजी स्कूलों में महिलाएं, सरकारी में मासूम बच्चों को पढ़ाएंगे पुरुष शिक्षक

नर्सरी के 3 साल की उम्र के छोटे बच्चे को प्री प्राइमरी कक्षाओं में संभालना, पढ़ाना और एक्टिविटी करना एक पुरुष शिक्षक के बस की बात नहीं हैं। शहर में जितने भी निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं सभी में महिला या युवतियां बच्चों को पढ़ाती हैं। जबकि सरकारी स्कूलों में इसके उलट किया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी खामी शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में है।

नहीं मंगाए गए आवेदन

प्री प्राइमरी कक्षाओं में छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए महिला शिक्षकों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश हैं। कई महिला शिक्षक इन स्कूलों में पढ़ाने के लिए इच्छुक हैं, ऐसी महिलाओं से आवेदन मंगाए जाने जैसी कोई प्रक्रिया की ही नहीं गई। जिससे ऐसे महिला शिक्षक जो छोटे बच्चों को संभालने और उन्हे एक्टिविटी करने में माहिर हैं उन्हे यह अवसर नहीं मिल सका।

#### ऐसे होती चयन प्रक्रिया तो सफल होता प्रयोग

होना यह चाहिए था की बच्चों को संभालने और एक्टिविटी कराने में माहिर शिक्षिकाओं का चुन चुन कर चयन किया जाना था और उन्हे प्री प्राइमरी स्कूल संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपनी थी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पालकों की रुचि 3 साल की उम्र में अपने बच्चों को स्कूल भेजने में बढ़ती। लेकिन स्कूल स्तर, संकुल स्तर और ब्लॉक स्तर पर चयन की प्रक्रिया करके प्री प्राइमरी स्कूलों की इस नई पहल को अभी से ठप करने का काम किया गया है।

### ऐसे समझिएः चयन प्रक्रिया में कैसे चयनित हो गए पुरुष शिक्षक

प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालन के लिए चयनित 80 स्कूलों में दो दो शिक्षकों को नियुक्त गया है। इन शिक्षकों का चयन पहले स्कूल स्तर फिर संकुल स्तर और उसके बाद भी यदि शिक्षक नहीं मिलता है तो ब्लॉक स्तर से किया गया। जिन स्कूलों में पहले से पुरुष प्राथमिक शिक्षक अतिरिक्त थे उन्हे ही प्री प्राइमरी स्कूल संचालन के लिए चयनित कर लिया गया। इसके बाद संकुल स्तर पर एक और शिक्षक को चयन किया जाना था तो संकुल स्तर पर भी पुरुष शिक्षक ही अतिरिक्त मिला। इस तरह कई स्कूलों में दोनों पुरुष शिक्षक ही चयनित हो गए। अब इन शिक्षकों की रुचि छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाने, एक्टिविटी कराने में हो या न हो मजबूरी में उन्हे कक्षाएं संचालित करनी होंगी।

### शिक्षकों को परखा नहीं

3 से 4 साल के बच्चों को नर्सरी में एडमिशन दिया जाएगा। 4 से 5 साल के बच्चे को केजी वन और 5 से 6 साल के बच्चों को केजी टू में दाखिला दिलाया जाना है। 25 अप्रैल को चयनित शालाओं के प्राचार्य और प्रभारी प्राचार्यो को प्रशिक्षण दिया गया। जबकि जो शिक्षक छोटे बच्चों को पढ़ाने चयनित किए गए हैं उनका स्तर परखा ही नहीं गया की वह छोटे बच्चों को संभाल भी सकते हैं या नहीं।

### चयन कर लिया

शिक्षकों का चयन कर लिया गया है 80 स्कूलों में प्री प्राइमरी कक्षाएं संचालित करने की तैयारी पूरी हो गई है। 15 जून से कक्षाएं संचालित की जाएंगे। शिक्षकों का चयन स्कूल स्तर, संकुल स्तर और उसके बाद ब्लॉक स्तर पर किया गया है।
- आरपी लखेर, डीपीसी विदिशा

### बंगला घाट के नजदीक कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बंगला घाट के नजदीक से निहाल सिंह राजपूत नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना टीआई मनोज दुबे ने बताया की आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया।

### करैयाखेड़ा रोड गली नंबर 5 में दूषित पेयजल से रहवासी परेशान

**विदिशा।** करैयाखेड़ा रोड गली नंबर 5 के रहवासी पिछले 7-8 दिन से पेयजल को लेकर परेशान हैं। रहवासियों का कहना है कि नगरपालिका के माध्यम से सरकारी पाइपलाइन के जरिए जो पानी सप्लाई किया जा रहा है वह काफी दूषित है। रहवासियों ने बताया कि यह पानी न तो पीने योग्य है और न हीं खर्च के उपयोग में लाया जा रहा है। बदबूदार होने के कारण इसका कोई उपयोग नहीं है।

### माइक्रो आब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण एक को

**विदिशा।** माइक्रो आब्जर्वर के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण एक मई की दोपहर दो बजे से प्रशिक्षण ऑडिटोरियम में शुरू होगा। एक मई के पूर्व प्रशिक्षण स्थल रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में पीपीटी के प्रदर्शन हेतु एलईडी स्क्रीन, माईक लगाए जाने संबंधी तमाम कार्य मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है इस प्रशिक्षण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 05 सागर एवं संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के प्रेक्षक भी मौजूद रहेंगे।

## डाकमत पत्रों से मतदान शुरू हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण स्थलों पर ही डाकमत पत्र से मतदान करने की सुविधा केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गई है। इन मतदान केंद्रों पर निर्वाचन में ड्यूटी लगने वाले कर्मचारी एवं अधिकारी वोट डालेंगे। ऐसे कर्मचारियों की सुविधा हेतु डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए 27 से 30 अप्रैल तक पांचों विधानसभाओं में सुविधा केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

केन्द्रों पर मतदान दलों में ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारी, अधिकारी, पुलिस बल, होमगार्ड, कोटवार इत्यादि अपना डाकमत पत्र प्राप्त कर मतदान कर सकेंगे। प्रत्येक विधानसभा मुख्यालय पर दोनो संसदीय क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले पांचो विधानसभाओं के डाकमत पत्र प्रदाय कर मतदान प्रक्रिया में भाग लें सकेगे। विधानसभा स्तर पर संचालित होने वाले सुविधा केन्द्रों पर मतदान का समय सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक का समय नियत किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 144 विदिशा के लिए सुविधा केन्द्र एसएटीआई डिग्री कॉलेज विदिशा में 27 से 29 अप्रैल तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 145 बासौदा हेतु एलबीएस कॉलेज बासौदा में 27 से 30 अप्रैल तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 146 कुरवाई के सीएम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में भी 27 से 30 तक सुविधा केन्द्र का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 147 सिरोंज के एलबीएस कॉलेज में 27 से 30 तक तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 148 शमशाबाद के जवाहर नवोदय विद्यालय में 27 से 30 अप्रैल तक सुविधा केन्द्र संचालित होगा। इन सुविधा केन्द्रो पर डाकमत पत्र के माध्यम से पूर्व उल्लेखितों के द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले दोषी को पांच साल की सजा

**विदिशा।** नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 साल की सजा सुनाई है। एजीपी राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया है कि पांच साल पुराने प्रकरण में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोषी वासनिक ने यह फैसला सुनाया है। आरोपी ने ग्राम बिलोदा में 12 वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ कर लज्जा भंग की और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर कुरवाई थाने में मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर से अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्षियों, चश्मदीप के ब्यानों से सहमत होते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कुरवाई ने आरोपी राकेश अहिरवार निवासी ग्राम बिलोदा थाना कुरवाई को सजा सुनाई।

## मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर मिलीं कई खामियां, दुरुस्त करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़



मोहम्मदगढ़, खिरिया, मानोरा सहित हैदरगढ़ क्षेत्र में शनिवार को कलेक्टर, एसपी ने गंभीर मतदानों केंद्रों का निरीक्षण किया। कुछ मतदान केंद्रों में कुछ कमियां पाई गईं। उन्होंने बॉर्डर पर बनाए गए जांच चौकियों को भी चेक किया।

भ्रमण के दौरान हैदरगढ़ की एकीकृत माध्यमिक शाला में पहुंचे जहां स्कूल के विद्यार्थियों से पढ़ाई को लेकर चर्चा की। कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों से बोर्ड पर प्रदूषण लिखने को कहा तो कक्षा का एक भी बच्चा हिंदी में बोर्ड पर प्रदूषण नहीं लिख पाया। शासकीय मिडिल स्कूल में 270 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, परंतु मौके पर एक दर्जन से अधिक बच्चे नहीं मिले । मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कलेक्टर ने कहा है कि मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई चिंता का विषय है। उन्होंने कहा की सभी स्कूलों में निर्देशित करेंगे की परीक्षा परिणाम का प्रतिशत और बेहतर हो। विदिशा लौटते समय ग्यारसपुर के सीएमराइज स्कूल पहुंच कर स्विप गतिविधि की गई।

### विदिशा जिले में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के 147 मतदाता

# सिरोंज विधानसभा में 100 साल के सबसे ज्यादा 41 व विदिशा विधानसभा में सबसे कम 16 मतदाता दर्ज

**विदिशा जिले में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के मतदाता लोकतंत्र के प्रहरी बनकर करेंगे मताधिकार का प्रयोग।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव में तृतीय चरण के मतदान में 7 मई को विदिशा जिले के 11 लाख से अधिक मतदाता वोट करेंगे। इसके साथ ही इन 11 लाख से अधिक मतदाताओं में विदिशा जिले के 147 वे मतदाता भी शामिल हैं जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है। यह मतदाता लोकतंत्र के प्रहरी बनकर सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं जो जिले के सभी मतदाताओं को यह संदेश देते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मत क्या महत्व रखता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के कुल 147 मतदाता दर्ज हैं जिनमें विदिशा विधानसभा में सबसे कम 16, बासौदा में 24, कुरवाई में 30 तथा सर्वाधिक सिरोंज में 41 और शमशाबाद में 36 मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के सर्वाधिक मतदाता सिरोंज विधानसभा में हैं जिनमें अलीगढ़ कोटरा की कस्तूरी बाई पूरे जिले में सर्वाधिक आयु 112 वर्ष की मतदाता हैं। जबकि 100 वर्ष या इससे अधिक आयु के सबसे कम मतदाता विदिशा विधानसभा में शामिल हैं।




## तलाशी में मिली नकदी जब्त

- चेकिंग प्वाइंट पर लगातार की जा रही है वाहनों की जांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चेक पोस्ट पठारी द्वारा रात 1:30 बजे कार्रवाई करते हुए 1 लाख 5 हजार 400 रुपए जब्त किए हैं। एसडीओपी कुरवाई मनीष राज द्वारा उक्त चेकपोस्ट पर सतत एवं कड़ी चेकिंग करने निर्देशित किया जा रहा है। अंधकुआ पठारी क्षेत्रांतर्गत भी चैकिंग प्वाइंट है।

रात में संभागीय गश्त के दौरान पॉइंट पर चेकिंग की जा रही थी। रात करीबन 1:30 बजे को खुरई तरफ से एक चार पहिया वाहन काले रंग की क्रेटा कार को रोका गया एवं चेकिंग रजिस्टर मे वाहन चालक से उसका नाम पता पूछा गया। जिसने अपना नाम रजनीश पिता आरएस दुबे उम्र 46 साल निवासी अरिहंत बिहार कॉलोनी विदिशा का होना बताया। जिसकी गाड़ी की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के पास 1,05,400 रुपए नकदी होना पाया गया जिससे रुपए रखने के संबंध में पूछताछ की गई जो स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे पाया, उक्त व्यक्ति के पास से चुनाव आयोग के नियम के तहत तय राशि से अधिक नकदी रुपए रखे होने पाए गए जो आचार संहिता का उल्लंघन करना पाया गया। ड्यूटी पर उपस्थित राजस्व निरीक्षक रोडमल भिलाला द्वारा उक्त व्यक्ति के पास से नकदी जब्त किए गए।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 10वीं, 12वीं के पूरक परीक्षा आवेदन 1 मई से

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा विगत दिनों कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। हायर सेकंडरी एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन 1 मई से प्रारंभ होंगे एवं आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून है। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र केवल आनलाईन भरने की विस्तृत प्रकिया मंडल की बेवसाइट पर उपलब्ध है।

### मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से एक मई तक प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय के अनुसार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त सेक्टर अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित होकर मतदान प्रकिया से संबंधित प्रशिक्षण लेने के लिए आदेशित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र बीना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्र जैन उ.मा.वि. बस स्टैड सागर, खुरई के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सागर, सुरखी के लिए शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, नरयावली के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर एवं सागर क्षेत्र के लिए शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिली को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है।

### मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के लिए करें समुचित प्रबंध

**सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी (लू) से बचाव के समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों व बेंच की व्यवस्था भी करें। राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए श्क्या करें, क्या नहीं करें का पर्चा भी होना चाहिए।

### वार्डवासियों ने की नगरपालिका से अतिक्रमण हटवाने की मांग

# खुलेआम नाले पर किया जा रहा अतिक्रमण, बारिश में बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



एक ओर नगरपालिका द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी अंतर्गत नगर को साफ, सुथरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर को साफ, सुथरा रखने साफ, सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं नगर को सुंदर बनाने के लिए एक ओर जहां मुख्य चौक चौराहों, वार्डों में नवीन स्ट्रीट लाइट लगाई जा रहीं हैं। नगर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर चौड़ीकरण किया जा रहा है जिससे जाम की स्थिति से निजात पाई जा सके। इसके अलावा नगरहित में अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। वहीं दूसरे ओर नगर के ही कुछ लोग अतिक्रमण को बढ़ावा देकर नगर के विकास में रोड़ा बन रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर के वार्ड क्रमांक 24 स्थित बूढ़ापुरा क्षेत्र में देखने को मिला। जहां एक व्यक्ति द्वारा नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कार्य कर लिया गया है। जिससे यहां के रहवासियों को बारिश के दौरान जल भराव के चलते अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बारिश के दौरान नाले के बहाव में रुकावट आने से यहां के रहवासियों का जनजीवन अस्त -व्यस्त हो जाएगा और पानी की निकासी नहीं होगी। जिस नाले पर अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहां पर पंडापुरा, मिर्जापुर और पचमा बायपास मार्ग से पानी नाले में बहकर आता है और जो आगामी बारिश के दिनों में यहां के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन जाएगा। वार्ड 24 के रहवासियों ने नगरपालिका एवं राजस्व प्रशासन से वार्डवासी द्वारा नाले पर कब्जा कर किए जा रहे पक्के अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की है।

**इनका कहना है...**

*नाले पर अतिक्रमण के संबंध में निर्माण कर्ता से अनुमति सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे। निर्माण कार्य अवैधानिक पाए जाने पर उसे तोड़ने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

**जयंत वर्मा**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी गंजबासौदा**

## बरेठ रोड पर बाइक टकराई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को बरेठ रोड पर दो बाइक आमने सामने टकरा गई, जिसमें दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालकों को मामूली चोट आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम के समय एक बाइक चालक जय स्तंभ चौक से बरेठ रोड की ओर तथा दूसरा बरेठ रोड से जयस्तंभ चौक की ओर से आ रहा था तभी दोनों बाइक का हेंडिल आपस में अड़ जाने से दोनों बाइक अनियंत्रित होकर चालक सहित सड़क पर जा गिरीं। जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने उठाया। इस दौरान दोनों बाइक चालकों की आपस में बहस होने लगी इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने समझाईश दी इसके बाद दोनों बाइक चालक वहां से चले गए।

## ब्राह्मण दल द्वारा मनाया जा रहा प्राकट्य उत्सव पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव पखवाड़े के उपलक्ष्य में ब्राह्मण दल द्वारा रविवार को निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि ब्राह्मण दल द्वारा भगवान परशुराम प्रकट उत्सव समारोह इस वर्ष पखवाड़े के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ब्राह्मण दल द्वारा रविवार से लगातार कई धार्मिक एवं सामाजिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में ब्राह्मण दल द्वारा अपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से नगर वासियों के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन सुधा हॉस्पिटल, एसडीएम बंगले के सामने, बरेठ रोड पर आयोजित किया गया है। जिसमें डॉ चैतन्य कुलकर्णी किडनी रोग विशेषज्ञ, डॉ चेतन सिंह अस्थि रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. पूर्णिमा तिवारी निसंतान रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ तथा नगर के डॉ. आरपी तिवारी, डॉ. केके तिवारी, डॉ. रोहित शर्मा, डॉक्टर डॉ नरेश मिश्रा, डॉ. पवन शर्मा आदि के कुशल मार्ग दर्शन में गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों का चेकअप किया जाएगा तथा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

ब्राह्मण दल के सदस्यों ने समस्त नगरवासियों से निःशुल्क मेडीकल कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उसका लाभ उठाने की अपील की है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रय एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। वहीं चुनाव को देखते हुए एफएसटी टीम भी अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चला रही है। ऐसे ही अभियान में सफलता प्राप्त करते हुए देहात थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध शराब बरामद की है। थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंकित साहू निवासी उपजेल रोड को 25 क्वार्टर देसी प्लेन मदिरा कीमती लगभग 2100 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त कर ली है। एफएसटी टीम एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव बाजपेई, दिलीप, यशपाल निगम , ऋषभ, सौरभ, सचिन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्रामीणों ने ली शत प्रतिशत मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डाक्टर योगेश भरसट के निर्देशन में, बीईओ परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी के दिशा निर्देश पर संकुल केंद्र शासकीय कन्या हाई स्कूल गाँधी चौक जन शिक्षा केंद्र नोघई क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत मतदान की थीम पर 10 दिवसीय मेगा इवेंट्स कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि स्वीप गतिविधि के अंतर्गत 27 अप्रैल को मॉर्निंग एक्टिविटी, 29 अप्रैल को पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन, 30 अप्रैल को बाइक रैली, मशाल रैली, साइकिल रैली, पैदल रैली आयोजन किया जाऐगा। इसी के अंतर्गत शनिवार को ग्राम कानीखेडी में मार्निंग एक्टिविटी में ग्रामीण जनो को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक दीपक नामदेव ने बताया कि इससे पहले एकीकृत शाला एवं सामाजिक चेतना केंद्र कानीखेडी मे मतदाता जागरण अभियान के अंतर्गत बच्चो ने अपने पालको को शत प्रतिशत मतदान करने पत्र लेखन किया एवं घर जाकर अपने अभिभावको को पत्र पढकर सुनाऐ। साथ ही पूरे गाँव मे रैली निकालकर मतदाताओं को जागरुक किया। रसोईयो द्वारा थाली सजाओ प्रतियोगिओं का आयोजन हुआ। बच्चो ने रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। माक पॉल में बच्चों ने पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी बनकर चुनाव दिवस का आयोजन किया। अक्षर साथी काजल नामदेव ने सामाजिक चेतना केंद्र मे दर्ज असाक्षर साथियों को मतदान करने के महत्व बताऐ। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुनील दांगी ने ग्रामीणजनों से इस बार कानीखेडी मे शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे राजकुमार सोनी, ब्रजेश दांगी, मुंशीलाल अहिरवार, मंजूलता नामदेव, प्रीति चतुर्वेदी सहित बडी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## राज्यरानी एक्सप्रेस के वाराणसी तक विस्तार के विरोध में आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** रेलवे अपडाउनर्स ऐशोसियशन प्रदेश अध्यक्ष कमलेश सेन, बासौदा अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुशवाह के नेतृत्व में रविवार को सुबह 11 बजे गाड़ी संख्या 22161/22162 दमोह भोपाल दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस को वाराणसी तक विस्तार करने से रोकने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। रेलवे अपडाउनर्स ऐशोसियशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर एक साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में रेल मंत्रालय से यह मांग की जा रही है कि राज्यरानी एक्सप्रेस को यथावत रखा जाए। इसके स्थान पर किसी अन्य गाड़ी का विस्तार वाराणसी तक किया जाए। रेलवे अपडाउनर्स ऐशोसियशन ने नगर के समाजसेवियों, अन्य सभी संगठनों एवं गणमान्य नागरिको से सुबह अधिक से अधिक संख्या में रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर एकत्रित होने की अपील की है।

## देर रात गरज चमक के साथ हुई बूंदाबांदी



**गंजबासौदा।** गत दिवस दिन भर आसमान पर छाए बादलों से जहां शाम को इलाके में कहीं कम तो कहीं अच्छी बौछारें पडी थीं। वहीं देर रात भी बादलों से तेज गरज चमक के साथ अच्छी बूंदाबांदी हुई। मौसम का मिजाज ऐसा था कि लोगों को लग रहा था कि रात में जोरदार बारिश हो सकती है, लेकिन बादलों से सिर्फ बौछारें ही पडकर रह गईं। उधर शनिवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया। उधर मौसम विभाग की वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में मौसम साफ रहने और मई माह के प्रथम पखवाडे में जोरदार गर्मी पडने के संकेत दिए हैं।

## उपार्जन केन्द्रों पर नहीं है गत वर्ष की तरह भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



इलाके में समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज गेहूं, चना, मसूर खरीदी के लिए शासन ने कई केन्द्र बनाए हैं। जिनका संचालन शुरू होने के बाद से अब तक इन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज की खरीदी की जा रही है। लेकिन इस बार उपार्जन केन्द्रों पर गत वर्ष की अपेक्षा कम भीड़ होने से अव्यवस्था या किसानों को परेशानी जैसी समस्या सामने नहीं आई है। किसानों और केन्द्र संचालकों का कहना है कि गेहूं का मंडी में ही दाम अच्छा मिल रहा है और चने के दाम भी तेज हैं। मसूर के भाव ही मंडी में समर्थन मूल्य से कम बने हुए हैं। इस कारण अधिक से अधिक संख्या में किसान अपनी उपज मसूर और लोकवन किस्म के गेहूं को ही समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। वहीं सरसों के दाम भी मंडी में अच्छे हैं। इसी कारण किसान लोकवन किस्म के गेहूं और मसूर तुलवाने ही उपार्जन केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। जिससे भीड भी कम है और अव्यवस्था भी नहीं हो रही है।

## श्रीराम कथा में अवध छोड़ श्रीराम का हुआ वन गमन

**गंजबासौदा।** इमला धाम पर सिद्ध संत ज्ञानी बाबा के आशीर्वाद से चल रही चल रही श्री राम कथा महोत्सव के सप्तम दिवस की कथा में पं. प्रेमहानंद महाराज ने श्री राम वन गमन कथा को सुनाते हुए कहा कि जब श्री राम का राज तिलक होना था, तो चेहरे पर प्रशंसा नहीं थी। जब कैकई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगे पहला भरत को राज्याभिषेक दूसरा चौदह वर्ष के लिए राम को वनवास तो न भगवान राम के मुख पर प्रसन्नता और न ही उदाशी दिखी। जब श्री राम वनवास जाने लगे तो जानकी और लखन लाल भी भगवान के साथ जाने लगे। सारे अवधवासी भगवान को याद कर विलाप करने लगे। मानो की सारे अवध में शोक की लहर डूब गई हो,



राजा दशरथ राम-राम का उच्चारण करते-करते और उस श्रवण कुमार के माता-पिता की बात एवं उनका दिया हुआ श्राप आज दशरथ को याद आ गया कि हे राजा दशरथ जैसे हम अपन पुत्र के वियोग में तड़प रहे हैं। आप भी इसी प्रकार पुत्र वियोग में प्राण त्यागेंगे, साथ ही महाराज ने भरत चरित्र भगवान राम और हनुमान जी का मिलन, सबरी चरित्र आदि का वर्णन किया। कथा के मुख्य यजमान गणेशराम रघुवंशी एवं समस्त ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में आ रहे हैं।

### चलाया जा रहा पक्षियों को सकोरे रखने का अभियान

## जो कर्म हम करेंगे, उसका अनुशरण और करेंगे: दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा पक्षियों को सकोरे रखने का अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है साथ-साथ बेजुबान पक्षियों का भी बुरा हाल है हम अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं सुख सुविधाओं का ख्याल रखते हैं। थोड़ा सा समय निकालकर हमें इन बेजुबान पक्षियों का भी ख्याल रखना चाहिए, जिसमें कोई खर्चा भी नहीं है हर व्यक्ति एक-एक सकोरा पेड़ पर लगाए और उसमें पानी डालें तो हम कई बेजुबान पक्षियों की जान बचा सकते हैं। मथुरा से आए विनोद भाई ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हमें प्रकृति और संस्कृति को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। तभी हम समृद्ध समाज बना पाएंगे और हमारे जीवन का होना सार्थक रहेगा। हम यह ना भूले हमारा शरीर प्रकृति से बना हुआ है और पक्षी प्रकृति के अंग है हमें इन बेजुबान पक्षीयो का ख्याल रखना चाहिए। जितना संभव हो हम अन्य लोगों को प्रेरित करें और एक-एक सकोरा रख उसमें पानी डालने का संकल्प लें तो भी हम बहुत कुछ कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने भाव रखते हुए कहा कि एक कथन है जो हम करेंगे हमें देखकर और लोग भी वैसा ही करेंगे अगर हम इस संकल्प से आगे बढ़ते हैं तो निश्चित ही इस अभियान को हम सफल बना पाएंगे। दुनिया में कहावत है जैसा करोगे वैसा भरोगे जैसा बोओगे वैसा काटोगे और बोया आज जाता है और काटा जाता है।

हमें अपनी लाइफ में कुछ उपकार के कार्य करते रहना चाहिए। यह कार्य दुआ का काम करते हैं और दुआ पैसे से नहीं खरीदी जा सकती, दुआएं ही ईश्वर का प्रसाद और आशीर्वाद होता है। भीषण गर्मी में हम पशु पक्षियों का ख्याल जरूर रखें और उनके लिए पानी की व्यवस्था जरूर करें। ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कहा जाता है की सेवाधर्म बड़ा कठिन है। सेवाधर्म निभाते-निभाते व्यक्ति से यदि छोटी-मोटी भूल हो भी जाए तो भगवान उसकी ज़िम्मेवारी ले लेते हैं और बहुत युक्ति से अपने सेवाधारी के अहम को समाप्त भी कर देते हैं। रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना के समय हनुमान जी को जो थोड़ा बहुत अहम था, वह भी भगवान ने उखाड़ दिया और वह आत्मा सचमुच अपने नाम के अनुरूप मान-शान से परे, मान को जीतने वाली हनुमान बन गयी, उसी प्रकार जब हम दूसरों के प्रति सेवाभाव रखते हैं तो ईश्वर हमारा साथ जरुर देता हैं। हमें भी पशु पक्षियों का साथ देना चाहिए।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 118 रोगियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से शासकीय अस्पताल त्योंदा में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. राजकरण वर्मा, मोहन सिंह जादौन, डॉक्टर अरविन्द नोडया ने लगभग 118 मरीजों के नेत्र परीक्षण किए। वहीं कैंप प्रभारी देवेंद्र जोगी, रोहित धाकड़, अतुल भास्कर ने रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. ्जकरण वर्मा, अरविन्द नोड्या मोहन सिंह जादौन, देवेंद्र जोगी सुनील बाबू पिंगले ने स्वर्गीय रणछोड़ दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में 17 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 16 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। 13 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं 62 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष 51000 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाते हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में ग्रामीण क्षेत्र में भी नेत्र शिविर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल के सभी स्टॉफ ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

### सरदार सिंह का निधन

**गंज बासौदा।** खिलान सिंह, हरिसिंह के चाचाजी नवल सिंह, परशराम, संजू, सोनू, रनवीर, मंटू के पिताजी सरदार सिंह रघुवंशी का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास ग्राम मूडरा से सुबह 9 बजे विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी। नागरिकों एवं ग्रामीणों ने सरदार सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### करवट लेते मौसम से बारिश, ऐसे में गर्मी में भी ठंडक का हो रहा है अहसास

# बदलते मौसम से गर्मी का कारोबार हो रहा चौपट, कूलर, पंखे और एसी की बिक्री ठप







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पिछले 10.12 दिनों से मौसम में हो रहें परिवर्तन और रिमझिम बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी है। 40 डिग्री से 35 और 27 डिग्री तक पहुंचे तापमान में भले ही ठंडक देकर लोगों को राहत दे दी हो लेकिन इसने व्यापारियों का गर्मी का कारोबार चौपट कर दिया है। गर्मी के सीजन से जुड़े तमाम बिजनेस बेपटरी हो चुके हैं उनके लागत मूल्य निकल पाना भी मुश्किल हो रहा है।

दरअसलए बेमौसम हो रही इस बारिश से गर्मी के सीजन में ठंडक कायम हो रही हैए जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के व्यवसायियों का धंधा चौपट हो गया है। वहीं गर्मी के सीजन में ठंडा पेय पदार्थ और अन्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को भी खासा नुकसान हो रहा है। गर्मी के सीजन में बिकने वाले कूलर पंखे और एयर कंडिशनर एसी की बिक्री लगभग आधी रह गई है। जिससे दुकानदारों कारोबारियों को काफी नुकसान हो रहा है। खास बात यह है कि गर्मी का आधे से ज्यादा सीजन निकल चुका है। ऐसी स्थिति में जो बड़ा स्टॉक सर्दी के सीजन से ही करके दुकानदार बैठे थे वह निकल पाना मुश्किल हो रहा है। अब वे इसे बचाकर सालभर तक संभालने को मजबूर हैं। दुकानदारों का कहना है कि जो स्टॉक आ गया है वह रिप्लेस भी नहीं हो सकता इसी में काम चलाना होगा।

#### आइसक्रीम और पेय पदार्थों का मार्केट भी बिगड़ गया

गर्मी के सीजन में तीन माह का बिजनेस करने वाले शीतल पेय पदार्थए आइसक्रीम गन्ना जूस सहित राजस्थान से आकर व्यापार करने वालों की हालत भी पतली हो गई है। पांच से सात लाख रुपए में फालूदा शेक आइसक्रीम कुल्फी इत्यादि की गाड़ी तैयार करने वाले दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है। उनका कहना है कि आधे से ज्यादा सीजन निकल चुका है इसमें भी हमें नुकसान हुआ है। शहर के मुख्य बाजार में फालूदा की चलित गाड़ी लगाने वाले व्यापारी ने कहा कि सात लाख में गाड़ी खरीदी, जमीन गिरवी रखकर कारोबार शुरू किया लेकिन लागत मूल्य भी निकल जाए तो बड़ी बात है इस मौसम में काफी नुकसान हो रहा है।

#### पूरा सीजन ही गड़बड़ा गया

गन्ने के जूस से लेकर ठंडे पेय पदार्थों का पूरा सीजन ही गड़बड़ा गया है। अब एक या डेढ़ माह का ही समय है। जिसमें थोड़ा बहुत आमदनी की उम्मीद है बाकी काम इस बेमौसम हुई बारिश ने खराब कर दिया है सभी व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। **कमलेश कुशवाह,** जूस विक्रेताएसिरोंज

#### *भूसे को बचाने त्रिपाल बरसाती की बिक्री बढ़ी*

*बे मौसम और बार बार हो रही बारिश से उपज को तो किसानों ने जैसे तैसे बचा लिया लेकिन खेतों में और खलियानों में फैले पड़े चारे भूसे को बचाने की जुगत अब की जा रही है। इसीलिए भरी गर्मी के मौसम में त्रिपाल बरसाती पन्नी बरसाती और पन्नियों की बिक्री जोरों पर है। यानी इस मौसम में गर्मी के सामान की खरीदी की बजाएए बरसात में उपयोगी सामान की बिक्री में इजाफा हो रहा है। साथ ही व्यापारियों को भी इस हॉफ सीजन में ये सामान मंगवाने पड़ रहे हैं।*

#### *शादियों के सीजन ने बचा रखी है व्यापार की लाज*

*नगर के सराफा बाजार स्थित दयाल इलेक्ट्रॉनिक्स संचालक बब्लू लालवानी ने बताया कि हर वर्ष हम कूलर और एसी इस समय तक काफी बेच देते थे। लेकिन मौसम में हो रहे परिवर्तन के चलते व्यापार कम हो जाता है। इस समय शादियों का सीजन चल रहा है तो व्यापार पर ज्यादा असर नही पड़ रहा है। यदि शादियों का सीजन नही होता तो व्यापार में काफी ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ता। शादियों का सीजन समाप्त होने के बाद यदि आगे भी ऐसा ही मौसम रहा तो व्यापार में नुकसान होना तय है।*

### भोपाल में हेलीपैड पर पहुंची थीं

## भाजपा नेत्री श्वेता आनंद ने पीएम मोदी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं सिरोंज की वरिष्ठ समाजसेविका श्वेता आनंद त्यागी ने भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवागमन पर हैलीपैड पर स्वागत किया। इस अवसर पर त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने जो महिलाओं को आगे लाकर उन्हें प्रथम पंक्ति में खड़ा कर जो सम्मान दिया है। उसके लिए मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा एंव प्रदेश की महिलाओं द्वारा आभार व्यक्त किया। प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा केन्द्र शासन एंव प्रदेश सरकार की योजनाओं का जो क्रियावयन किया जा रहा है। उसमें भी भाजपा महिला मोर्चा की महिलाए अग्रिणी होकर जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिला रही हैं। इसी तरह राज्यसभा, लोकसभा विधानसभा में महिलाओं को स्थान दिया जा रहा है उसके लिए आभार व्यक्त किया और वर्तमान में भोपाल सिरोंज, सागर लोकसभा संसदीय क्षेत्र की चुनावी गतिविधियों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि श्वेता आनंद त्यागी का मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी लगभग तय मानी जा रही है। इसके लिए उन्हे दिल्ली एंव भोपाल के वरिष्ठ नेताओं का भी आर्शीवाद प्राप्त हुआ है।

## 10वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का विद्यालय परिवार ने किया सम्मान



**सिरोंज**। ग्राम अनूपपुर के श्रीमति ललता देवी भैयालाल दांगी स्कूल में कक्षा 12वी के छात्र.छात्राओं द्वारा अच्छे अंक प्राप्त करने पर छात्रों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले छात्रो का फूलमाला पहनाकर पगडी बांधकर मिठाईया खिलाकर सम्मान किया। प्राचार्य राजेन्द्र दांगी ने बताया कि विगत वर्षो से विद्यालय का परीक्षा परिणाम अच्छा आ रहा है और इस वर्ष भी परिक्षा परिणाम में काफी अच्छा रहा। विद्यालय की कक्षा 12वी की छात्रा ग्राम जैतपुर निवासी मुस्कान साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं चंचल विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही ग्राम अनूपपुर निवासी कक्षा 10वी की छात्रा श्रष्टि दांगी और अक्षय दांगी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## विधायक ने विवाह में बेटियों को दी साड़ी एवं श्रृंगार सामग्री

**सिरोंज**। ग्राम ललितपुर में क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न ग्रामों से राजपूत समाज के 21 जोड़े सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने पहुंचकर दुल्हन बनी प्रत्येक बेटियों को साड़ी एवं श्रृंगार का सामान भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि राजपूत समाज पुरातन काल से ही इसी प्रकार के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करते रहता है और उसी परंपरा का निर्वाहन आज ललितपुर में राजपूत युवाओं के द्वारा देखकर मेरा हृदय गदगद हो गया। वही उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी भी इसी प्रकार कई गरीबए निराश्रित बहन बेटियों का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के माध्यम से करा कर असमर्थ और असहाय लोगों की मदद कर रही है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राकेश रघुवंशी ने समिति के सभी राजपूत युवाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। वही कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अरविन्द रघुवंशी ने किया। साथ ही समस्त अतिथियों का स्वागत विवाह उत्सव समिति ललितपुर ने किया। इस दौरान जनपद सदस्य नरेंद्र पालीवाल युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित साहूएउपाध्यक्ष देवकीनंदन शर्माएनरेश रघुवंशीए हरगोविंद वघेल शिवराज रघुवंशीएअरविन्द राजपूत उपेंद्र राजपूत घनश्याम राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे।

विवाह सम्मेलन में सम्मिलित हुए क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह



## डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में कक्षा 5वीं, 8वीं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

**बरेली**। नगर की शैक्षणिक संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा में अनुकरणीय प्रदर्शन कर डेफोडिल्स परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत तथा कक्षा 8वीं का लगभग 100 प्रतिशत रहा जो कि बरेली शहर के अशासकीय विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ है। कक्षा 8वीं में 89.6 प्रतिशत अंकों के साथ कुमारी स्नेहा राय सुपुत्री सुनील राय ने विद्यालय में प्रथम तथा कुमारी वैष्णवी पटेल सुपुत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल ने 85 प्रतिशत के साथ दूसरा और कुमारी वैष्णवी राजपूत सुपुत्री राघवेन्द्र सिंह राजपूत ने 84 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा 5वीं की परीक्षा में कुमारी आराध्या पटेल सुपुत्री हरिशंकर पटेल ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान तथा मास्टर प्रियांश विश्वकर्मा सुपुत्र राजू विश्वकर्मा ने 89.3 प्रतिशत के साथ विद्यालय में दूसरा और मास्टर प्रयाग सिंह राजपूत सुपुत्र गोपाल सिंह राजपूत ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंध संचालक गणं दिलीप जी धारीवाल धर्मेंद्र जी ठाकुर, मुकेश जी चौधरी, डॉ राधे श्याम जी धाकड़ और कौशलेन्द्र जी रघुवंशी ने एमपी बोर्ड की कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के उल्लेखनीय परीक्षा परिणाम के साथ ही अधिकांश बच्चों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर सभी विद्यार्थियों और समर्पित शिक्षकों की टीम को डेफोडिल्स परिवार की तरफ से बधाई दी है।




## डीआईसी ने सीईडीएमएपी, पीएनबी के सहयोग से 29 महिला प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन दी



**विदिशा**। पीएनबी किसान प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विविध पृष्ठभूमि से 29 महिला प्रतिभागियों की भागीदारी देखी गई। 6 सप्ताह के दौरान, प्रतिभागियों ने गहन सत्र, इंटरैक्टिव कार्यशालाएं और व्यावहारिक प्रदर्शनों में भाग लिया।

कार्यक्रम को समकालीन चुनौतियों और फैशन उद्योग में उभरते रुझानों को संबोधित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया था, जो प्रतिभागियों को अत्याधुनिक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक अनुभव से लैस करता था।

उद्योग विशेषज्ञों और अनुभवी पेशेवरों द्वारा संचालित, प्रशिक्षण सत्रों ने कौशल विकास और ज्ञान अधिग्रहण के लिए अनुकूल एक गतिशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा दिया। विदिशा में पीएनबी किसान प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह में सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों, हितधारकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लीड बैंक विदिशा, डीआईसी, सीईडीएमएपी और पीएनबी के अधिकारी। प्रतिभागियों को उनके समर्पण, दृढ़ता और प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन को मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र वितरण में नरेश मेघानी पूर्व लीड बैंक मैनेजर, आकाश चौहान कार्यवाहक एलडीएम, श्रीमती जयंती डीआईसी, अजय परिहार पीएनबी, दिनेश गावड़े सीईडीएमएपी मौजूद रहे।

## शक्ति केंद्रों की बैठक कर चुनाव में विधानसभा को सर्वाधिक मतों से जिताने का संकल्प दिलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए विधायक हरि सिंह सप्रे के लगातार दौरे चल रहे हैं। इस कड़ी में शनिवार को लायरा मलियाखेड़ा क्षेत्र के शक्ति केंद्रो पर कार्यकर्ताओं की बैठक की एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सप्रे ने कहा की कांग्रेस हमेशा झूठ की राजनीति करती है आज तक कांग्रेस ने कभी किसी अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति,जनजाती वर्ग को सम्मान नहीं दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी ने देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर डॉक्टर अब्दुल कलाम साहब, डॉ रामनाथ कोविंद, द्रौपदी मुर्मू जी को बैठाया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े जी को सर्वाधिक मतों से जीताने का सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया।

## मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली

**कुरवाई**। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नगर परिषद कार्रवाई के द्वारा स्वीप प्लान अंतर्गत नगर कुरवाई के मुख्य मार्गो से दो पहिया वाहनों की रैली निकाली, जागरूकता कार्यक्रम का रथ आगे चल रहा था। अधिकारी कर्मचारी अपने हाथ में तख्तीया लेकर चल रहे थे जिन पर, मतदान हमारा अधिकार के नारे लिखे हुए थे। वाहन रैली नगर परिषद कार्यालय से प्रांरभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो बसस्टैण्ड मुख्य बाजार मुरलीधर मंदिर से अन्नते बब्बा हनुमान गंज, पुराना थाना परिसर होते हुये वार्ड नंबर 9 एवं 04 से निकल बीना तिराहे होते हुये बसस्टेण्ड क्लब ग्राउण्ड कुरवाई में समापन हुआ। इस कार्यक्रम में नगर परिषद कुरवाई के अधिकारी कर्मचारी सहित नगर के आम नागरिक शामिल हुए।

**In The Court Of Civil Judge Class-II, Civil Court Sironj District Vidisha**

Presiding Officer: सुश्री अंकिता जैन
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS A/0000003/2022)

Process Id-476/2024 पेशी दिनांक: 31/05/2024
राम सिंह रघुवंशी............................. वादी
महेन्द्र रघुवंशी ............................. प्रतिवादी

प्रेषिती-
जितेन्द्र रघुवंशी पिता सौभाग्य सिंह रघुवंशी (परसौरा वाले), पता- वार्ड क्रमांक 07 लालबाग कॉलोनी गंज बासौदा जिला विदिशा म. प्र.

यह कि प्रार्थी राम सिंह रघुवंशी ने आपके विरुद्ध (RCSA/03/2022) स्वत्व के आधार पर भवन भाग के आधिपत्य प्राप्ति के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**सिरोंज जिला-विदिशा (म.प्र.)**

## उदयपुरा बरेली विस में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शुक्रवार को होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली उदयपुरा बरेली विधान क्षेत्र के 308 मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण मतदान हुआ।

मतदान का प्रतिशत 60.68 रहा। पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं द्वारा कम मतदान करने के कारण पिछले चुनाव से लगभग 10 प्रतिशत कम मतदान की स्थिति रही। जिसका मुख्य कारण क्षेत्र में सैकड़ों विवाह बारात कार्यक्रमों के साथ गर्मी की अधिकता भी रही।

विधान सभा क्षेत्र के 308 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा छाया के लिए टेंट लगायें गए थे। शुक्रवार को सुबह 7 बजें मतदान शुरू हुआ। सुबह - सुबह मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइनें भी लगी रही। जैसे-जैसे समय बढ़ा और गर्मी धूप तेज हुई तो मतदान करेगें आगे वालों की संख्या कम लेने की स्थिति रही।

#### सैकड़ों विवाह बारातों से मतदान प्रभावित

26 अप्रैल को मतदान और सैकड़ों विवाह बारातों का मतदान पर सीधा -सीधा असर पड़ा। विवाहों में सबसे अधिक सक्रियता और भागीदारी महिलाओं की रहती हैं। एक से दूसरें स्थानों पर बारातों का जाना आना भी बना रहा। इसी कारण मतदान 10 प्रतिशत तक कम हो जाने की स्थिति में महिलाओं द्वारा मात्र 53 .90 प्रतिशत मतदान करना महत्वपूर्ण कारण बनता नजर आया। दूसरा महत्वपूर्ण कारण भीषण गर्मी के माहौल में दोनों ही दल भाजपा कांग्रेस के निचले स्तर के कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में भी उदासीन नजर आए। भाजपा के नेता कार्यकर्ता मोदी श्रीराम की लहर पर सवार होकर अति आत्मविश्वास में डूबे नजर आए तो कांग्रेस के कार्यकर्ता पिछले चुनाव में भारी मतो की पराजय के सदमें से उबर नहीं पाए। चुनाव प्रचार सिर्फ संपर्क चर्चाओं की मात्र औपचारिकता अधिक नजर आती रही। लगभग 10 प्रतिशत कम हुए मतदान का क्या असर होगा। यह तो 4 जून को मतगणना के समय ही सामने आ पाएगा।



#### 9.77 प्रतिशत कम मतदान

पिछले चुनाव में लगभग प्रतिशत 71 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें महिला मतदाताओं द्वारा बढ़ चढ़ कर मतदान किया गया था। विधान सभा के 265&01 मतदाताओं में 161214 मतदाताओं द्वारा वोट डाले गए 1&7575 में से 92294 पुरूष मतदाताओं एवं 127721 महिलाओं में से 68919 महिला मतदाताओं द्वारा वोट डाले गए। पुरूषों का 66.97 एवं महिलाओं का 5&.90 प्रतिशत मतदान रहा। कुल मिला कर विधान सभा क्षेत्र में 60.68 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले चुनाव के मुकाबले 9.77 प्रतिशत कम रहा।

## दूल्हा राजा के आखिरी वोट से हुआ शत प्रतिशत मतदान

### जैतपुरा में सभी 156 मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

उदयपुरा बरेली विधान सभा के अंतर्गत 26 अप्रैल को विधानसभा का एक मतदान केंद्र 36 जैतपुरा ऐसा रहा कि 99 प्रतिशत मतदान के बाद दूल्हा राजा सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने अखिरी वोट डाल कर शतप्रतिशत मतदान की स्थिति बना दी। जैतपुरा मतदान क्र. 36 में कुल 156 मतदाता थे जिनमें 69 महिला एवं 87 पुरूष मतदाताओं ने 100 प्रतिशत मतदान का रिकार्ड बनाया गया। ग्राम धुरेला के अंतर्गत आने वाले ग्राम जैतपुरा में सुरेंद्र ठाकुर का विवाह था। बारात बाहर जाने वाली थी। परिवार में लगभग 23 मतदाता थे जो विवाह कार्यक्रमों में व्यस्त थे। सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदान 99 प्रतिशत पहुंच गया। दूल्हा बने सुरेंद्र ठाकुर ने अंतिम वोट डाल कर 100 प्रतिशत मतदान की स्थिति बना दिए जाने से मतदान केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी भारी प्रशन्न हो उठे।



## फोटो-वीडियो केप्चर करने के 5 मिनट में भेजनी होगी शिकायत

# सी-विजिल पर कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की कर सकता है शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

चुनावी प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर शिकायत कर सकता है।

सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकेगा। इस एप का इस्तेमाल करने के लिए शिकायतकर्ता के मोबाइल पर जीपीएस और इंटरनेट चालू होना आवश्यक है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायतें इस एप के माध्यम से ही फोटो या वीडियो केप्चर कर की जा सकती है। वीडियो दो मिनट से अधिक का नहीं होना चाहिए। इससे अधिक अवधि का वीडियो एप पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जिस मोबाइल से फोटो-वीडियो केप्चर किये गये हैं शिकायत केवल उसी से की जा सकेगी। किसी दूसरे मोबाइल या कैमरे की फोटो या वीडियो अथवा पहले से स्टोर फोटो या वीडियो इस एप पर अपलोड नहीं होगी। फोटो या वीडियो के साथ शिकायतकत्र्ता संक्षिप्त में प्रकरण के बारे में जानकारी भी दे सकता है।




### शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए बनाई गई है विशेष टीम

*सी-विजिल पर शिकायत भेजते ही शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त होगी जिससे वह मोबाइल पर शिकायत को ट्रेक कर सकेगा। मोबाइल पर जीपीएस चालू होने के कारण शिकायतकर्ता जैसे ही अपनी शिकायत एप पर अपलोड करेगा वो स्थल की लोकेशन सहित तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र के पास पहुंच जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र में शिकायतों की मॉनीटरिंग के लिए बैठी विशेष टीम फोटो या वीडियो की लोकेशन पर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम या एसएसटी को मौके पर पहुंचने के निर्देश देगी। फ्लाइंग स्क्वाड दल भी मौके पर पहुंचकर शिकायत के बारे में तहकीकात करेगा और स्थल का वीडियो बनाकर सी-विजिल इन्वेस्टीगेटर एप पर सीधे सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्ट करेगा। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो रिटर्निंग अधिकारी को इसे आगे की कार्यवाही के लिए निर्वाचन आयोग को भेजना होगी।*

### केवल आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें ही कर सकेंगे, व्यक्तिगत शिकायतें नही होगी

*निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि सी-विजिल एप पर नागरिक केवल आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतें ही कर सकेंगे। व्यक्तिगत शिकायतें इस एप पर नही की जानी चाहिए। सी-विजिल के दुरूपयोग को रोकने के लिए आयोग ने इस एप पर कुछ और फीचर्स भी डाले हैं। एक ही शिकायत की पुनरावृति न हो इसके लिए आयोग ने एप में व्यवस्था की है कि यह एक ही व्यक्ति द्वारा की जाने वाली एक के बाद एक लगातार शिकायतों के बीच पांच मिनट का अंतराल हो। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय को एक ही जैसी शिकायतों, बनावटी या ओछी शिकायतों अथवा ऐसी शिकायतों को जो आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित न हों उन्हें दर्ज नहीं किए जाने की अनुमति भी दी है।*

### टीम सौ मिनट के भीतर शिकायत पर करेगी कार्रवाई

जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत मिलते ही उस पर तुरंत एक्शन लेना होगा और प्राप्त शिकायत को पांच मिनट के भीतर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम को प्रेषित करना होगा तथा जाँच के लिए मौके पर भेजना होगा। फ्लाइंग स्क्वाड टीम को सौ मिनट के भीतर शिकायत का कम्प्लायंस देना जरूरी होगा अन्यथा ये शिकायत सीधे निर्वाचन आयोग को स्वतः ट्रांसफर हो जायेगी। आयोग द्वारा समय पर शिकायत पर कार्यवाही न करने के लिए संबंधित फ्लाइंग स्क्वाड टीम से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है।


सी-विजिल की एक विशेषता यह भी है कि नागरिकों द्वारा इस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की गुमनाम शिकायत भी जा सकेगी। गुमनाम शिकायत करने के विकल्प को अपनाने की स्थिति में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर एवं प्रोफाइल विवरण सिस्टम को नहीं भेजा जा सकेगा। इस वजह से शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त नहीं होगी और वह अपनी शिकायत को ट्रेक नहीं कर सकेगा और उसकी अद्यतन स्थिति भी नहीं जान सकेगा। हालाकि नागरिकों के पास संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से ऐसी शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना का विकल्प होगा। सी-विजिल एप पर की गई शिकायत में इस्तेमाल वीडियो और फोटो को मोबाइल या गैलरी में सेव नहीं किया जा सकेगा। सी- विजिल एप केवल उन्हीं राज्य या क्षेत्र की भौगोलिक सीमा में कार्य करेगा जहां चुनाव हो रहे हैं।



# मतदान संपन्न कराकर लौटे दलों का पुष्पहार तथा तिलक से किया स्वागत

◆ *मतदान सामग्री जमा कराने के लिए 10 काउंटर लगाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के उपरांत मतदान दलों का मतदान सामग्री जमा करने सामग्री वापसी स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर पहुंचने।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा मतदानकर्मियों का पुष्पहार पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सामग्री वापसी स्थल पर रात्रि 10.30 बजे सर्वप्रथम उदयपुरा विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 48दूएकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला भवन भिलाड़िया का मतदान दल पहुंचा। इस मतदान दल के सभी सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा के मतदान केंद्र क्रमांक 61, 17, 20 सहित अन्य मतदान केंद्रों के मतदान दल पहुंचे।

सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी की प्रशंसा की गई। मतदान सामग्री जमा कराने के लिए 10 काउंटर लगाए गए। सामग्री वापसी स्थल पर मतदान दलों के लिये कॉम्प्लीमेंट्री स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। जिसकी मतदान दलों द्वारा सराहना की गई।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार तथा एसडीएम पीसी शाक्य सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही मूंग

## मूंग की फसल के दाम से किसान अगली फसल की करते हैं तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

- 60 दिन में फसल तैयार होकर बाजार में आ जाती है
- गर्मी के मौसम में खेतों में हरियाली की चादर

किसानों के लिए मूंग की फसल वरदान साबित हो रही है। तीसरी फसल के रूप में किसान खेतों में मूंग की फसल की बोवनी करते हैं, जिससे किसानों को ना केवल लाभ हो रहा है। बल्कि मूंग की फसल के विक्रय करने से प्राप्त राषि से किसान धान की फसल की तैयारी कर लेते हैं। प्रति वर्ष तहसील में मूंग की फसल की बोवनी किए जाने का रकबा लगातार बढ़ रहा है। 60 दिन में तैयार होकर बाजार में आनी बाली मंग की फसल की बोवनी किए जाने को लेकर क्षेत्र के किसान उत्साहित है।

रबी सीजन की फसलों की कटाई के बाद खेतों में काली मिट्टी ही चमकती नजर आती है। लेकिन किसानों ने इस बार तीसरी फसल के रूप में मूंग की बोवनी बहुतायत में की है। जिसके कारण खेतों में हरियाली भी दिखाई दे रही है।



हालाकि जलस्त्रोतों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण किसानो को तीसरी फसल लेने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है। हालांकि कमोवेष कुछ दिन छोड़ कर हो रही बारिष मूंग की फसल के लिए फायदे मंद बताई जा रही है।

मुआर गांव के उन्नतशील किसान राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि 1 एकड़ में 15 से 20 किलो मूंग की बोवनी होती है औसत एवरेज एक एकड़ में 5 से 6 कुंटल तक आ जाता है। जबकि लागत एक एकड़ में 10 से 15 हजार तक आती है। यदि कोई किसान एक कुंटल मूंग की बोवनी करता है तो उसका एवरेज 25 से 26 कुंटल तक आता हैं।

### 2 से 3 पानी देना पड़ता है

60 दिन में तैयार होने वाली मूंग की फसल की में 2 से 3 बार सिचांई करना पडती है। किन किसानो के पास पर्याप्त पानी की व्यवस्था है वह समय पर सिंचाई कर लेते है, लेकिन अनेक किसान पानी की उपलब्धता नही होने पर समय पर सिंचाई नही कर पाते हैं, किसान बताते है कि जब सिंचाई तथा अन्य कृषि कार्य के लिए बिजली की जरुरत होती है उस समय बिजली नियमित नही मिल पाती है, बिजली ना मिलने से उपज भी प्रभावित होती है।

### बाजार में मिलते हैं अच्छे रेट

कमोवेष 60 दिन मे तैयार होकर बाजार में विक्रय के लिए आने वाली मूंग के रेट भी अच्छे खासे मिल जाते है। फुटकर गल्ला व्यापारी तथा कृषि उपज मंडी में मूंग के रेट 6 से 7 हजार के बीच मिल जाते है। मूंग की क्वालिटी के मान से भी व्यापारी रेट तय करते है। कुल मिला कर मूंग की फसल किसानो के लिए वरदान मानी जा रही है।

# कुल्हाड़िया गांव में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में डर का माहौल, बंधे बकरे पर किया हमला

## जानकारी के बाद भी वन विभाग नहीं पकड़ रहा तेंदुआ, अधिकारियों से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भोपाल विदिशा हाईवे स्थित कुलहाड़िया गांव में कई दिनों से तेंदुए का मूवमेंट है। जिससे तेंदुए के डर से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार शनिवार की दरमियानी देर रात जहूर खान के घर पर बंधे एक बकरे पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए का हमला इतनी तेज था कि गेट पर लगे सरिये की वेल्डिंग भी टूट गई और बकरे का पैर पकड़ लिया।

अचानक घर के लोगों की नींद खुली तो तेंदुआ बकरे को छोड़कर भाग गया। वहीं सुबह पशु चिकित्सालय से आए पशु चिकित्सक ने बकरे का उपचार किया। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से इस क्षेत्र में तेंदुआ देखा जा रहा है जो पालतू मवेशी और जानवरों पर हमला कर रहा है।



गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी तेंदुए ने कुलहाड़िया वन परिक्षेत्र में गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया था। ग्राम नरखेडा के किसान बारेलाल लोधी ने बताया उसकी गाय का बछड़ा गांव से लगे पहाड़ के नीचे बाड़े में बनी टपरिया में बंधा हुआ था। साथ में और भी मवेशी थे। रात में तेंदुए ने गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। सुबह किसान पहुंचा तो बछड़ा मरा हुआ पड़ा था। शरीर पर तेंदुए के पंजे और दांतों के निशान भी मिले हैं। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों को दी थी।

बता दें की नरखेडा और कुलहड़िया क्षेत्र में पहले भी तेंदुए ने कई मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। वहीं ग्रामीणों में तेंदुए का भय बना हुआ है। हालांकि तेंदुए ने अभी तक किसी इंसान पर हमला नहीं किया है। लेकिन मवेशियों को जरूर अपना शिकार बना रहा है। बार-बार क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट होने के बाद भी वन विभाग उसको पकड़ने के कोई इंतेज़ाम नहीं कर रहा है।

## 'प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलें बूथ की ओर अभियान चलाएं'

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत प्रदेश में तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मतदान क्रमशरू 7 मई एवं 13 मई को होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने श्चलें बूथ की ओरश अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह निर्देश संबंधित जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। श्री राजन ने कहा कि कि तृतीय चरण के लिये यह अभियान एक मई एवं चतुर्थ चरण के लिये 7 मई को चलाये साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अन्य आयोजन भी करें। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ जागरूकता समूह के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, रहवासी कल्याण समिति, चुनावी साक्षरता क्लब, गैर सरकारी संगठन, चुनाव पाठशाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से सघन स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक एवं प्रेरित करने की कार्यवाही करें। आयोजित गतिविधियों के उच्च गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये हैं। तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके अंतर्गत आने वाले 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। चौथे चरण में प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

# बार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्रों ने मारी बाजी

## कामर्स आर्ट कोचिंग का परीक्षा परिणाम श्रेष्टतम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हालिया दिनों में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित किया। परीक्षा परिणाम में पर सफल रहे परीक्षार्थियों के चेहरों पर खुशी देखी गई। हायर सेकेंडरी परीक्षा उर्त्तीण करने वाले परीक्षार्थी अब आगें की पढ़ाई को लेकर कार्य योजना बनाने में शिक्षकों, परिजनो से चर्चा कर रहे हैं।

नगर की श्रैष्ट कोचिंग क्लासेस में शुमार कामर्स आर्ट कोचिंग के अनेक विद्यार्थियो का हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा, यहां के




विद्यार्थियो को कोचिंग संचालक दीपक रघुवंशी ने वर्ष भर विभिन्न विषयो की पढ़ाई लीक से हट कर विषय विशेषज्ञ शिक्षको (लेखको) की विभिन्न बुक से कराई, बल्कि परीक्षा से पूर्व 4 से 5 घंटे तक नियमित प्रतिदिन विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराया, फल स्वरुप परीणाम श्रेष्ट रहा। कोचिंग संचालक रघुवंषी ने सफल रहे विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, यहां के कक्षा 12वी के विद्यार्थी रिया जगेत ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इसके अतिरिक्त रिया ठाकुर 90.4, अभय रघुवंशी 86.2, मोहिनी रघुवंशी 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम फहलाया। इसी के साथ कोचिंग में अध्यनरत समर्पित जैन, सुमित जैन, रोहित साहू, सुमित साहू, भविष्य साहू, अनुज तिवारी, माज खान आदि ने भी बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल कर सफलता अर्जित की। सफल रहे विद्यार्थियो ने सफलता का श्रेय कोचिंग संचालक दीपक रघुवंशी, गुरुजनो व माता पिता को दिया।

# एडीआर भवन में नशा मुक्ति विषय पर प्रदर्शनी, कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रधान जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन एवं उत्कर्ष नशा मुक्ति केन्द्र रायसेन के सहयोग एवं समन्वय से एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर रायसेन में नशा मुक्ति विषय पर प्रदर्शनी, कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजीव राव गौतम जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन




द्वारा नालसा योजना, 2015 के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि नवयुवकों, किशोरों एवं बालकों में ड्रग तस्करी एवं दुरूपयोग की असाधारण बढ़ोतरी गंभीर व जटिल निहितार्थ सूचित करती है। जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। रोकथाम राज्य के साथ-साथ समाज की सर्वोत्तम प्राथमिकता होनी चाहिए।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिलेगा सम्मान

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में अनेकानेक स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वीप कमेटी द्वारा निर्णय लिया है कि स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रोत्साहित तथा सम्मानित किया गया जाएगा।

जिले में लोकसभा आम निर्वाचन में सेक्टर अंतर्गत 95 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले मतदान केन्द्रों के सुपरवाईजर/बूथ लेवर ऑफिसर/ सचिव/ ग्राम रोजगार सहायक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, स्व-सहायता सूचिव आदि को सम्मानित किया जाएगा। ऐसी ग्राम पंचायत जहां 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ हो वहां पटवारी/ सचिव/ ग्राम रोजगार सहायक/ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ आंगनवाड़ी सहायिका तथा आशा कार्यकर्ता को सम्मानित किया जाएगा। ऐसे नगरीय वार्ड जिसमें 85 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ हो वहां सीएमओ/ आंगनवाडी कार्यकर्ता/ आंगनवाड़ी सहायिका/ शासकीय कर्मचारी सम्मानित होगा। जिला स्तरीय स्वीप कमेटी द्वारा विशेष जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में चयनित को सम्मानित किया जाएगा।

## चुनाव ड्यूटी चुनाव की घोषणा से परिणाम की घोषणा तक होगी

# ड्यूटी में मतदान/सुरक्षा कर्मी की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

लोकसभा निर्वाचन 2024

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान / सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान है। इसमें चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, पुलिस, होम गार्ड सुरक्षाकर्मी, निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच , ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी



चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास/कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा। बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान/मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।

### 30 लाख की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी

*निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।*

### कैशलेस इलाज की सुविधा

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए, चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पीड़ितों